**दुर्घटना** भेड़ाघाट में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा, शादी से लौट रहे थे युवक

# ट्रक चालक ने मारा ब्रेक, कार पीछे से घुसी, 2 युवकों की मौत, 3 घायल

**नवभारत,जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत ग्राम बहदन में शुक्रवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे आ रही कार अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुस गई थी और शादी समारोह से लौट रहे युवक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कठौंदा माढ़ोताल निवासी यशवंत पटेल उर्फ साहिल (22), अपने साथियों अभिनव पटेल, हर्ष पटेल, सौरभ पटेल और नमन तिवारी के साथ स्विफ्ट कार एमपी 20 सीके 9390 में सवार होकर भेड़ाघाट रिसोर्ट में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। कार यशवंत चला रहा था।







### अचानक ब्रेक लगने से हुआ हादसा

रात करीब 3:30 बजे जैसे ही उनकी कार हाईवे रोड पर जेसीबी कंपनी के सामने पहुँची, उनके आगे चल रहे ट्रक एमपी 20 एचबी 1394 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अचानक ब्रेक मार दिए। रफ्तार अधिक होने के कारण कार सीधे ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी।

### इनकी हुई मौत

इस हादसे में कार चला रहे यशवंत उर्फ साहिल और बगल की सीट पर बैठे सौरभ पटेल (25) के सिर, चेहरे और सीने में गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। कार की पिछली सीट पर बैठे हर्ष, अभिनव और नमन को भी गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को तत्काल निजी अस्पताल, जबलपुर में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है।

### मातम में बदली खुशियां, एक साथ उठीं अर्थियां

मृतक साहिल और सौरभ के शव जैसे ही उनके घर पहुंचे तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजन शवों से लिपटकर रोते बिलखते रहे। जब दोनों की एक साथ अर्थियां उठी तो वहां मौजूद हर आंख नम हो गई थी। माता-पिता सदमे में थे उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था हंसी खुशी घर से निकले उनके बेटे अब इस दुनिया में नहीं रहे। शादी की खुशियां मातम में बदल गई थी।

### ट्रक चालक की तलाश शुरू

मृतक यशवंत और सौरभ के शवों को पोस्टमार्टम के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। भेड़ाघाट थाना पुलिस ने लक्ष्मी प्रसाद पटेल की सूचना पर मर्ग कायम कर लिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### उड़े परखच्चे, बुलानी पड़ी क्रेन

टक्कर इतनी जोरदार रही कि हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए है। सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। पुलिस ने क्रेन बुलाकर कार को किनारे किया। यह भी आशंका जाहिर की जा रही है ट्रक चालक को नींद की झपकी आ गई थी जिसके चलते हादसा हुआ है।

### इधर शादी से लौट रहे युवक की एक्सीडेंट में मौत

पनागर थाना अंतर्गत कुशनेर रिंग रोड ब्रिज के पास बीती रात सड़क हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। शादी से लौटते समय मृतक हादसे का शिकार हुआ है। जानकारी के अनुसार कुशनेर पिपरिया निवासी अमन पटेल (33 वर्ष) गुरुवार की रात करीब 9 बजे कृष्णा मैरिज गार्डन रैपुरा से एक शादी समारोह अटेंड कर अपनी एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 सीए 7675 से घर लौट रहा था। रात करीब 9 :20 बजे जैसे ही वह कुशनेर रिंग रोड ब्रिज के पास पहुंचा, किसी अज्ञात कारण से उसका एक्सीडेंट हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि सिर में गंभीर चोट आने की वजह से अमन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मृतक के मित्र शुभम ठाकुर ने उसके बड़े भाई धीरेंद्र पटेल को दी। सूचना मिलते ही धीरेंद्र, सागर पटेल और अभय पटेल के साथ मौके पर पहुंचे, जहां अमन का शव सड़क पर पड़ा मिला। शुक्रवार को धीरेंद्र पटेल (38 वर्ष) ने थाना पनागर में मामले की सूचना दर्ज कराई। जिसके बाद पनागर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# घूसखोर पंडत विवाद : अदालत के समक्ष 20 को होंगे परिवादी के बयान

**नीरज पाण्डेय-नेटफ्लिक्स के विरुद्ध आपराधिक मानहानि का मामला**

**जबलपुर।** घूसखोर पंडत फिल्म निर्माता नीरज पांडे और ओटीटी पर प्रसारण अधिकार प्राप्त नेटफ्लिक्स के यूएसए स्थित प्रमुख कंटेंट हेड और भारत में वितरक के विरुद्ध दायर अपराधिक मामले में शुक्रवार को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी पंकज सविता की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने परिवारी के बयान दर्ज करने के लिये मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी को निर्धारित की है।

उल्लेखनीय है कि फिल्म पटकथा लेखक, कलाकार व ज्योतिषी पंडित वैभव पाठक ने आगामी फिल्म घूसखोर पंडत के शीर्षक को ब्राह्मण समुदाय के लिए अभद्र, अपमानजनक एवं सामूहिक कलंक करार देते हुए निर्माता-निर्देशक नीरज पांडे व अमेरिका स्थित प्रसारण व डिजिटल स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स के शीर्ष अधिकारियों के विरुद्ध उक्त आपराधिक मानहानि का परिवाद दायर किया है। जिसमें मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के सक्रिय सदस्य होने का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि यह महासभा स्वर्गीय पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित प्रदेश की सर्वप्राचीन ब्राह्मण संस्था है, जो संपूर्ण मध्य प्रदेश के विप्र समुदाय की प्रतिनिधि एवं प्रहरी है।

परिवाद के अनुसार फिल्म के निर्माता ने व्यावसायिक प्रचार के लिए पंडत, पंडित का लोकभाषा प्रचलनद्ध उपसर्ग को जानबूझकर घूसखोर जैसे आपराधिक विशेषण से युग्मित किया, जो समस्त ब्राह्मण समुदाय को भ्रष्टाचार से जोडक़र देखने की दुर्भावना का परिचायक है। परिवादी ने तर्कपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया है कि पंडित शब्द केवल एक उपाधि नहीं, वरन् विद्वत्ता, पुरोहिताई, धार्मिक पवित्रता एवं ऐतिहासिक अस्मिता का वाचक है। इसी परंपरा में पंडित जवाहरलाल नेहरू, पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जैसी विभूतियां इस उपाधि से समलंकृत हुई हैं।

# हमें पूरा शहपुरा जानता है...कहते आरक्षक को सरेराह पीटा

**बदमाशों ने बाइक अड़ाकर जवान को रोका, धमकाया एफआईआर दर्ज**



**नवभारत,जबलपुर।** शहपुरा में बदमाशों ने शुगर की दवाई लेने जा रहे आरक्षक को बाइक अड़ाकर रोका और गाड़ी आगे निकालने की बात पर विवाद करते हुए कहने लगे कि हमें पूरा शहपुरा जानता है। इसके बाद धमकाते हुए सरेराह आरक्षक की पिटाई कर दी और धमकाते हुए फरार हो गए। शहपुरा पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक बसंत ठाकुर ने बताया कि वे बेलखेड़ा थाने में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। बेलखेडा से अपनी शुगर की दवाई लेने के लिये शहपुरा आरक्षक अमित ठाकुर एवं आरक्षक अक्षय मौर्य के साथ मोटर साइकिल से दवाई की दुकान जा रहे थे। जैसे ही पिंटू पान दुकान के पास शहपुरा पहुंचे ही थे तभी हमारी मोटरसाइकिल के आगे दो लडके मोटर साईकिल से क्रास करते समय विवाद कर गालीगलौच करने लगे। गाली देने से मना किया और गाडी आगे बढाई तो उसकी मोटर साइकिल के सामने अपनी मोटरसाइकिल अड़ा कर रास्ता रोक लिये । रास्ता रोककर बोले तुम हम लोगों को नहीं जानते। पूरा शहपुरा हम लोगों को जानता है उन्होंने अपने नाम अभिराज, पुष्पराज परिहार बताये और दोनों ने उसके साथ मारपीट कर दी। उसे जमीन पर पटक दिया कहने लगा कि मेरे से आगे गाडी कैसे निकाला, मारपीट से उसे चोटें आ गई। इसके बाद दोनों बोल रहे थे कि दोबारा ऐसी गाड़ी चलाई तो जान से खत्म कर देंगे।

# शादी समारोह में चली गोलियां, प्रॉपटी डीलर समेत दो घायल

**गैंगस्टर ने गुर्गों के साथ फैलाई दहशतगर्दी, सिविल लाइन में वारदात से मची भगदड़**

**नवभारत, जबलपुर।** सिविल लाइन स्थित रोटरी क्लब के पास देर रात्रि शादी समारोह के दौरान उस वक्त अफरा-तफरी एवं भगदड़ मच गई जब गैंगस्टर ने अपने गुर्गों के पहुंचकर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में प्रॉपर्टी डीलर समेत उसके साथी को गोलियां लगी हैं। घायलों को तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं हमलावर दहशतगर्दी फैलाने के बाद मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शिवनगर मदनमहल निवासी प्रॉपर्टी डीलर दुर्गेश पांडे (30 वर्ष) अपने साथियों हर्ष यादव और श्रीकांत राय के साथ दोस्त गोलू सोंधिया की शादी में शामिल होने रोटरी क्लब पहुंचा था रात करीब 11:30 बजे जब वे खाना खाकर बाहर निकल रहे थे, तभी गेट के पास दो एक्सिस गाड़ियों पर सवार आधा दर्जन बदमाश पहुंचे गोलियां चला दी।



### घेरकर पिस्तौल से बरसाई गोलियां

पीड़ित दुर्गेश पांडे ने बताया कि हमलावरों में मुक्कू पटेल, देवू पटेल, लकी पटेल और गुल्ली उर्फ अभिषेक गोस्वामी शामिल थे। पुरानी रंजिश के चलते लकी और अभिषेक ने जान से मारने की नियत से पिस्तौल से फायरिंग शुरू कर दी। गोली दुर्गेश के बाएं पैर की जांघ में लगी, जबकि श्रीकांत राय के दाहिने हाथ और पसली के पास गोली लगी है।

### हमलावर फरार, संभावित ठिकानों पर छापेमारी

थाना प्रभारी सिविल लाइन अनूप कुमार नामदेव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायलों को अस्पताल पहुँचा। दुर्गेश पांडे की शिकायत पर आरोपी मुक्कू पटेल, देवू पटेल, लकी पटेल, अभिषेक गोस्वामी और अन्य दो साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया।

पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते वारदात की है ।

### लकी 302 के नाम से चलाता है गैंग

सूत्रों के मुताबिक लकी पटेल कुख्यात बदमाश है और '13302' नाम से एक गैंग चलाता है। लकी लार्डगंज का रहने वाला है जिसके खिलाफ आठ से अधिक अपराध दर्ज है। जिसके खिलाफ हत्या के प्रयास, अवैध वसूली समेत अन्य प्रकरण पूर्व से दर्ज है।






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57